प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

01.12.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कल शिमला में महाविद्यालय प्रधानाचार्य–सम्मेलन को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन महाविद्यालयों में शिक्षकों के पद खाली है वहां पीरियड आधार पर शिक्षक रखे जाएंगे। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं का कॉलेज स्तर पर डाटा एकत्र किया जाएगा। नए सत्र से कई कॉलेजों में बीएड भी शुरू की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में अभी 55 कॉलेज ऐसे हैं जिनमें 200 से कम छात्र हैं। उन्होंने कहा कि कम विद्यार्थी संख्या वाले महाविद्यालयों को विशेष पाठ्यक्रम जैसे स्पोर्ट्स या आर्ट्स कॉलेज जैसा दर्जा दिया जाना चाहिए। सम्मेलन में उच्च शिक्षा विभाग ने कॉलेज में एडमिशन का डाटा भी रखा। सबसे ज्यादा 5 हजार 681 एडमिशन मंडी कॉलेज में थी। जबकि सबसे कम विद्यार्थियों की संख्या रोहड़ू के टिक्कर कॉलेज में है।

विश्व एड्स दिवस

एक्वायर्ड इम्यूनो डेफिसिएंसी सिंड्रोम–एड्स के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए आज विश्व एड्स दिवस मनाया जा रहा है। ये दिन लोगों को एचआईवी के खिलाफ लड़ाई में एकजुट होने और एचआईवी पीडित लोगों के प्रति समर्थन व्यक्त करने का भी अवसर प्रदान करता है। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा आज मध्य प्रदेश के इंदौर में विश्व एड्स दिवस 2024 कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन 1992 से हर वर्ष पहली दिसम्बर को विश्व एड्स दिवस मना रहा है। ये आयोजन 2030 तक एड्स को समाप्त करने के वैश्विक लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में आ रही चुनौतियों का सामना करने में सहायक हो रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक वक्तव्य में बताया है कि इस कार्यक्रम में नाको के थीम गीत का शुभारंभ, लाभार्थियों की प्रेरणादायक कहानियां और संगठन के मिशन का समर्थन करने के लिए प्रमुख संसाधनों को सामने लाना होगा।

वाहन पंजीकरण

प्रदेश में नए पुराने वाहनों के पंजीकरण पर अब ग्रीन शुल्क लगेगा। सरकार ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। वाहन के टाईप के अनुसार पांच सौ से चार हजार रुपये तक ग्रीन शुल्क वसूला जाएगा। परिवहन विभाग ने इसके लिए नया सॉफ्टवेयर बनाया है।

.....

ईको टूरिज्म

प्रदेश में ईको टूरिज्म गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए वन संरक्षण अधिनियम 2023 में संशोधन के अनुरूप ईको टूरिज्म नीति में बदलाव कर छह प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। सरकार ने शर्त रखी है कि ईको टूरिज्म यूनिट में स्थानीय लोगों को अनिवार्य तौर पर रोजगार देना होगा और स्थानीय उत्पादों का इस्तेमाल करना होगा। प्रदेश सरकार ईको टूरिज्म साइट को दस वर्ष के लिए किसी फर्म या व्यक्ति को देगी इसकी लीज को पांच साल तक बढ़ाया जा सकता है।

.....

रोहतांग दर्रा

विश्व प्रसिद्ध रोहतांग दर्रा आज से गुलाबा से आगे वाहनों की आवाजाही के लिए आधिकारिक रूप से बंद कर दिया गया है। हमारे कुल्लू संवाददाता के अनुसार ज़िला प्रशासन ने तापमान के गिरने व रोहतांग के रास्ते में ब्लेक आइस के जमने के कारण यह निर्णय लिया है। मढ़ी स्थित पुलिस चौकी को भी वहां से हटाकर गुलाबा स्थापित किया जाएगा। वाहनों को अब सिर्फ पर्यटक स्थल गुलाबा तक ही जाने की अनुमति होगी।

.....

मौसम

प्रदेश में शुष्क ठंड का दौर जारी है ऊंचाई वाले क्षेत्रों में शीतलहर लगातार बढ़ रही है। ताबो का न्यूनतम तापमान माइनस 11 दशमलव 1 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया है जो इस सर्दी के सीजन में सबसे कम है। प्रदेश में कृषि व बागवानी पर इस बार सूखे की मार पड़ रही है। इससे न केवल प्रदेश में सर्दियों के दौरान होने वाली रबी की फसल प्रभावित हुई है बल्कि बारिश न होने के कारण राज्य की पेयजल व सिंचाई योजनाओं सहित पर्यटन व्यवसाय पर भी असर पड़ा है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से चंबा, कुल्लू, लाहौल स्पीति, कांगड़ा और किन्नौर के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में 3 दिसंबर तक बारिश व बर्फबारी होने जबकि अन्य जिलों में मौसम साफ रहने की संभावना है।

.....

अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है– अब पीरियड आधार पर रखे जाएंगे शिक्षक।

दिव्य हिमाचल की सुर्खी है– हायर एजुकेशन में होंगे बड़े बदलाव– सी.एम. सुक्खू ने कहा बदलते वक्त के अनुसार बदलना होगा। वीरभद्र सिंह के नाम से जाना जाएगा रोहड़ू का सीमा कॉलेज खबर भी अधिकांश समाचार पत्रों में प्रमुखता लिये हुए है।

आपका फैसला की सुर्खी है– शिमला की संजौली मस्जिद की 3 मंजिलें गिरानी होंगी, कोर्ट का फैसला–20 दिन की मोहलत। दैनिक जागरण लिखता है– तोड़नी ही होंगी मस्जिद की 3 अवैध मंजिलें।

विश्व एड्स दिवस पर दैनिक भास्कर ने खबर को बॉटम में प्रकाशित करते हुए लिखा है–सिरिंज से नशा करने वाले व्यक्ति हो रहे संक्रमित, कांगड़ा में सबसे ज्यादा एक हजार 576 व लाहौल में सबसे कम 10 मामले।

अमर उजाला की एक खबर हैं। हिमाचल भवन की कुर्की रोकने के लिए सरकार ने 64 करोड़ किए जमा।

दैनिक सवेरा टाईम्स की एक खबर है– सी.एम. सुक्खू पंडोह मे 3 को करेंगे बगलामुखी मंदिर को जोड़ने वाले रोपवे का उद्घाटन।

मौसम से जुड़ी खबर पर पंजाब केसरी की सुर्खी है–123 साल में नवम्बर में सबसे कम वर्षा, पेयजल योजनाओं में 20 फीसदी जलस्तर गिरा। हिमाचल दस्तक के शब्द हैं–नवंबर में केवल शून्य दशमलव दो मिलीमीटर बारिश, फसलों को भारी नुकसान।